Title: Need to construct a road on the banks of Ganga River between Haridwar and Muradnagar for the convenience of `Kavriya' and requests to run three special trains between Haridwar and Delhi.

श्री सोहनवीर सिंह (मुजफ्फ़रनगर): सभापति जी, हरिद्वार हिन्दुओं की बहुत बड़ी धर्म नगरी है। प्रतिवर्ष हजारों की संख्या में कांवड़िये वहां से गंगाजल लाते हैं और भिन्न-भिन्न मंदिरों में जाकर जल चढ़ाते हैं। मुरादनगर से हरिद्वार की जो दूरी है, वहां पर १५ दिन तक जी.टी. रोड बन्द रहती है और पूरी जनता को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

मेरा आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है कि हरिद्वार और मुरादनगर के बीच में जो गंग नहर की पटरी है, उस पटरी पर ३० फीट चौड़ी रोड बनाई जाये, ताकि कांवड़ियों के लिए एक विशेष रास्ता बन जाये और वे लोग हरिद्वार से डायरैक्ट मुरादनगर तक आ सकें। दूसरा मेरा आपसे यह निवेदन है कि हरिद्वार और दिल्ली के बीच में १५ दिन के लिए तीन विशेष रेलगाड़ियां चलाई जानी चाहिए ।

... (व्यवधान)